Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Regarding deployment of Chinese missiles targeting various Indian cities.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, स्पेशल मेंशन में मैं अपनी बात रखना चाहता हूँ। यह राट्र की सुरक्षा से जुडा प्रश्न है। आज समूचा भारत और दिल्ली, मुंबई, चेन्नई तथा कोलकाता आदि प्रमुख महानगर चीन की मिसाइलों के निशाने पर हैं। चीन अधिकृत तिब्बत की राजधानी ल्हासा (लहासा) के पूर्व में स्थित कोकोनोर झील के पास तैनात की गयी हैं। चीन की न्युक्लियर वेपन रिसर्च अकादमी इन खतरनाक हथियारों को बनाने में जुटी है। अकादमी के खिलाफ निर्वासित तिब्बती समुदाय पहले भी आन्दोलन करता रहा है। सेटेलाइट चित्रों व अन्य सूत्रों से इसकी पुटि हो चुकी है। धर्मशाला स्थित तिब्बत की निर्वासित सरकार ने इस मिसाइलों के सेटेलाइट चित्र मीडिया के सामने प्रस्तुत किए हैं। तिब्बत में चीन द्वारा स्थापित गए, गैर-कुदरती खतरे की सूचना मिली है। माननीय गृहमंत्री, रक्षामंत्री, भारत सरकार इसकी जानकारी लें और सरकार ने इसके लिए अब तक क्या उपाय सोचा है यह भी स्पट करें क्योंकि यह राट्र की सुरक्षा से जुड़ा हुआ सवाल है।